सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-279
26/06/2017

प्रेम, सद्भाव और सहिष्णुता के माहौल से समाज एवं देश आगे बढ़ता है :– मुख्यमंत्री

पटना, 26 जून 2017 :– ईद–उल–फितर के अवसर पर आज मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार गॉधी मैदान पहुॅच कर इमाम इदैन हजरत मौलाना महसूद अहमद कादरी नदवी से मुलाकात कर उनसे मोसाफा किया और ईद की मुबारकबाद पेश की। इमाम इदैन हजरत मौलाना महसूद अहमद कादरी नदवी ने मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को भी ईद की मुबारकबाद दी तथा बिहार की सुख, समृद्धि, प्रगति, उन्नति एवं विकास की कामना की।

इससे पूर्व इदैन कमिटी के सदर महमूद आलम ने मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को टोपी पहनाकर एवं साफा पेश कर उनकी इज्जत अफजाई की। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने तमाम नमाजियों सहित मुस्लिम भाई–बहनों एवं बिहारवासियों तथा देशवासियों को ईद की मुबारकबाद एवं बधाई दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री लोगों से गले मिलकर, हाथ मिलाकर भी ईद की मुबारकबाद दी।

पत्रकारों से बातचीत करते हुये मुख्यमंत्री ने सबसे पहले ईद–उल–फितर के अवसर पर बिहारवासियों एवं देशवासियों को बधाई एवं शुभकामनायें देते हुये कहा कि ईद–उल–फितर प्रेम एवं मैत्री को प्रदर्शित करता है। मैं सभी मुस्लिम भाई–बहनों को और सभी लोगों को इस अवसर पर बधाई देता हूॅ। उन्होंने कहा कि जो प्रेम और सद्भाव का माहौल बिहार में है, ये सब दिन बना रहे। प्रेम, सद्भाव और सहिष्णुता के माहौल से समाज एवं देश आगे बढ़ता है। हमारी यही कामना है कि इसी प्रकार समाज में प्रेम, भाईचारा, मैत्री, सद्भाव, एक दूसरे के प्रति सम्मान का भाव बना रहे तथा समाज और देश तरक्की करे। उन्होंने कहा कि देश पर कई प्रकार के संकट आते हैं लेकिन जो आपसी भाईचारा और प्रेम है, वो हमारे मूल्क की सबसे बड़ी ताकत है और यह ताकत बनी रहे, यही आज के दिन हमारी प्रार्थना है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने गॉधी मैदान में उपस्थित सभी नमाजियों, गणमान्य लोगों एवं बच्चों से मिलकर उन्हें ईद की मुबारकबाद दी।

बाद में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने खानकाह–मुजीबिया फुलवारीशरीफ के सज्जादानशीं हजरत सयैद शाह आयतुल्ला कादरी से मुलाकात कर उनकी दुआयें ली। राज्य में अमन, शांति, चैन, तथा भाईचारा के बीच राज्य तरक्की की राह पर आगे बढ़ता रहे, के लिए दुआ करने का आग्रह किया।

ईद–उल–फितर के अवसर पर मुख्यमंत्री इमारत–ए–शरीया जाकर वहॉ लोगों को ईद की बधाई दी। इसके अलावा मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार मोहम्मद हाफीज इलियास उर्फ सोनू बाबू एवं श्री अफजल अमानुल्लाह को उनके आवास पर जाकर ईद की मुबारकबाद दी। इसके पश्चात मुख्यमंत्री अंजुमन इस्लामिया हॉल में आयोजित ईद मिलन समारोह में शिरकत कर लोगों का ईद की मुबारकवाद दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अंजुमन इस्लामिया स्थित मजार पर चादरपोशी की। इसके पश्चात फारूकी तंजीम कार्यालय में आयोजित ईद मिलन कार्यक्रम में भाग लिया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने एदार–ए–शरीया सुलतानगंज जाकर उपस्थित लोगों को ईद की मुबारकवाद दी। एदार–ए–शरीया के महासचिव हाजी एस0एम0 सनाउल्लाह ने मुख्यमंत्री को टोपी एवं साफा पहनाया।

******